आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**05 नवंबर** 2026 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में अग्निवीरों के कार्यकाल में दो साल के विस्तार को मिली मंजूरी। पहले बैच के पचहत्तर प्रतिशत अग्नि वीरों को मिलेगा इस फैसले का लाभ।
- गोरखपुर में निकली लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ शामिल हुए वरिष्ठ भाजपा नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।
- आज जौनपुर में आठ राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी।
- केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने नई दिल्ली में वयो सम्मान राष्ट्रीय अभियान का किया शुभारंभ।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने कल अग्निवीरों के कार्यकाल में दो साल के विस्तार को मंजूरी दे दी। नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष एन.एस. राजा सुब्रमणि ने बताया कि अग्नि वीरों का पहला बैच अब अपना चार साल का कार्यकाल पूरा करने के करीब है। उन्होंने बताया कि पहले, मेरिट के आधार पर पचीस प्रतिशत अग्नि वीरों को नियमित सेना में शामिल किया जाना है। रक्षा अध्यक्ष ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत बाकी बचे पचहत्तर प्रतिशत अग्नि वीरों को अब दो साल का अतिरिक्त कार्यकाल दिया जाएगा।

**फर्स्ट बैच ऑफ अग्निवीर का 4 साल खत्म होने वाला है। इन 4 सालों के दौरान जो हमने उनका परफॉर्मेंस इवैल्यूएशन किया, बहुत ही पॉजिटिव फीडबैक उनके परफॉर्मेंस के बारे में हमको मिला है। मेरिट के हिसाब से 25 प्रतिशत ऑफ अग्निवीर को जो है रेगुलर फोर्सेस में एनरोल किया जाएगा।**

मंत्रिमंडल ने भारत के स्वच्छ ऊर्जा कार्यक्रम को और मजबूत करने के लिए बानवे गीगावाट ऊर्जा भंडारण योजना को भी मंजूरी दे दी। यह जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह योजना राज्य सरकारों के सहयोग से लागू की जाएगी, जिससे देश भर में भंडारण क्षमता का समान वितरण सुनिश्चित हो सके।

**92 जीडब्ल्यूएच एनर्जी स्टोरेज स्कीम्स स्कीम को अप्रूवल दिया गया है। ग्रिड के लेवल पर एनर्जी स्टोरेज स्कीम यह रहेगी। 92 जीडब्ल्यूएच में 30 जीडब्ल्यूएच विल बी बैटरी स्टोरेज स्कीम एंड 60 विल बी पंप स्टोरेज।**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विशेष फास्ट ट्रैक अदालतों की केंद्र प्रायोजित योजना को पांच वर्ष के लिए जारी रखने की भी मंजूरी दी है। इसमें विशेष रूप से पॉक्सो मामलों की सुनवाई के लिए बनाई गई अदालतें भी शामिल हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अग्निवीरों के कार्यकाल में विस्तार सहित केंद्रीय मंत्रिमंडल के अन्य महत्वपूर्ण निर्णयों का स्वागत किया है। उन्होंने इन फैसलों के लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया है।

**********

वरिष्ठ भाजपा नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन कल गोरखपुर में पार्टी की ओर से आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में शामिल हुए। यह पदयात्रा एमपी इंटर कॉलेज से गोलघर काली मंदिर तक निकाली गई। पदयात्रा से पहले जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मतदाता सूची को सुधारना भारत के गरीब और वंचितों के अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक है।

**जब भी कोई घुसपैठियां मतदाता सूची में अपना नाम डलवाता है तो भारत के एक गरीब का, एक दलित का, एक वंचित का अधिकार भी वह छीनने का कार्य करता है और उसे गरीब को, दलित को, वंचित को, उसके अधिकारों से कोई वंचित ना करने पाए। इसके लिए अवश्य कहे कि मतदाता सूची से भी उसका नाम वहां से हटाया जाए।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**मैं कहता हूं, आज उत्तर प्रदेश को जिस प्रकार से विकास के पैमाने पर माननीय योगी आदित्यनाथ जी ने आगे लेकर गए हैं, हमें पूरा विश्वास है उत्तर प्रदेश को इस देश का सबसे बड़ा विकसित राज्य बनाकर आप लेकर आएंगे। उस विकास की रफ्तार को रुकने नहीं देना है मित्रों, उस विकास की रफ्तार को और आगे बढ़ाना है। 2027 यह तय करेगा कि उत्तर प्रदेश किस विकास की गति से आगे जाएगा।**

**********

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी आज जौनपुर में तीन हजार छह सौ पचास करोड़ रुपये की आठ राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। एक रिपोर्ट–

**केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी रायबरेली–प्रयागराज के राष्ट्रीय राजमार्ग–30 पर 4–लेन चौड़ीकरण कार्य का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही कार्यक्रम में मछलीशहर–जंघई–दुर्गागंज–भदोही में 2–लेन पेव्ड शोल्डर सहित सड़क निर्माण और जगतपुर– बाबूगंज–ऊँचाहार–अलापुर में 4–लेन बाईपास और सई नदी पर ब्रिज के निर्माण कार्य का लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम में श्री गडकरी मुंगरा–बादशाहपुर बाईपास के निर्माण और जौनपुर शहर में लता मंगेशकर तिराहे से प्रसाद इंस्टीट्यूट तक 4–लेन के चौड़ीकरण कार्य का शुभारम्भ भी करेंगे। लोगों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए प्रस्तावित योजनाओं को आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय मंत्री जौनपुर शहर में कुत्तूपुर तिराहे से सरॉय ख्वाजा तक 4–लेन चौड़ीकरण, मड़ियाहूँ रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज और रामदयालगंज में सई नदी पर 2–लेन ब्रिज के निर्माण की परियोजनाओं का भूमिपूजन भी करेंगे। राहुल यादव आकाशवाणी समाचार जौनपुर।**

**********

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने नई दिल्ली में कल अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत वयो सम्मान राष्ट्रीय अभियान का शुभारंभ किया। एक रिपोर्ट–

**अभियान का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव, ज्ञान और योगदान को सम्मान देते हुए विभिन्न पीढ़ियों के बीच आपसी सहयोग और एकजुटता को मजबूत करना है। शुभारंभ अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह अभियान वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव और युवा पीढ़ी की ऊर्जा को एक साथ लाने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि देश में साठ वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की संख्या वर्ष दो हजार इग्यारह में लगभग दस करोड़ थी, जो वर्ष दो हजार छत्तीस तक बढ़कर तेइस करोड़ होने का अनुमान है। समाचार कक्ष से अरूण।**

**********

काशी तमिल संगमम के पांचवें संस्करण का आयोजन अट्ठाइस नवंबर से बारह दिसंबर तक किया जाएगा।

**काशी तमिल संगमम 5.0 के तहत देशभर के 1000 चयनित शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी तिरुक्कुरल का अध्ययन करेंगे। प्रत्येक संस्थान से मेरिट के आधार पर एक विद्यार्थी चुना जाएगा। विद्यार्थी अपनी भाषा में शैक्षणिक व्याख्यानों, एक माह की शोध एवं शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेंगे। उन्हें शोध टिप्पणी तैयार करने के साथ अपने संस्थान में तिरुक्कुरल के संदेश पर प्रस्तुति भी देनी होगी। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार वाराणसी।**

**********

अयोध्या में दीपोत्सव दो हजार छब्बीस के लिए राम की पैड़ी के सभी छप्पन घाटों पर दीप सजाने का महाअभियान शुरू हो गया है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रोफेसर संत शरण मिश्र ने कहा कि कल तक सारे दीप बिछा लिए जाएंगे, फिर उनमें तेल और बाती डालने का कार्य किया जाएगा।

**56 घाटों पर 20 लाख दीपक सजाने का लक्ष्य रखा गया है और अभी तक जो वॉलंटियर्स की पहचान करके उनको आईडी कार्ड वितरित किया गया है, वह 35,000 वॉलंटियर्स का आईडी कार्ड है।**

**********

दीपावली पर आठ नवंबर को लखनऊ मेट्रो की सेवाएं सुबह छह बजे से शाम सात बजे तक ही उपलब्ध रहेंगी। इस दिन सीसीएस एयरपोर्ट और मुंशीपुलिया मेट्रो स्टेशन से आखिरी ट्रेन शाम सात बजे रवाना होगी। सामान्य दिनों में लखनऊ मेट्रो रात साढ़े दस बजे तक चलती है।

**********

लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से कल से जेद्दा के लिये सीधी हवाई सेवा शुरू हो गई। इस सेवा के शुरू होने से लखनऊ और खाड़ी देशों के बीच हवाई संपर्क को और मजबूती मिलेगी। वहीं सऊदी अरब की विमानन कंपनी लखनऊ और मदीना के बीच भी सीधी अंतरराष्ट्रीय उड़ान इसी हफ्ते से शुरू कर रही है।

**********